# **प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 22.07.2025**

- ❖ **शिकायतकर्ता द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर उसके बैंक खाते से एईपीएस के माध्यम से ₹ 33,800 की साइबर धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करायी गई ।**
- ❖ **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 33,800/- को वापस कराया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्रीमती सोनकली पत्नी श्री रामकुमार निवासी बस्ता कालोनी, बैरी सवाई थाना शिवली, जनपद कानपुर देहात के साथ साइबर अपराधियों द्वारा शिकायतकर्ता के बैंक खाते से एईपीएस के माध्यम से ₹ 33,800/- निकालकर साइबर धोखाधडी की गयी। जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज करायी गयी। उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुए साइबर हेल्प डेस्क थाना शिवली पुलिस द्वारा सम्पूर्ण धनराशि ₹ 33,800/- शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराई गई। थाना शिवली पुलिस की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए शिकायतकर्ता ने थाना शिवली पुलिस को धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे ।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

₹ 33,800/-

**धनराशि वापस कराने वाली टीम-**

थाना शिवली पुलिस